**कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक,**
**उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010**

**विषय : रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की दिनांक 29 दिसम्बर, 2017 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।**

********

इस मुख्यालय कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक दिनांक 29 दिसम्बर, 2017 को पूर्वाह्न में 11.00 बजे श्रीमती वीना प्रसाद, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा महानियंत्रक की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री पुष्कल उपाध्याय, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक | सदस्य |
| 2. | श्रीमती कविता गर्ग, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा वरिष्ठ उप महानियंत्रक(प्रशा.) | सदस्य |
| 3. | श्री मुश्ताक अहमद, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा उप महानियंत्रक(प्रशा.) | सदस्य |
| 4. | श्री उपेन्द्र कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी( लेप. समन्वय) | सदस्य |
| 5. | श्री राजीव कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा-5) | सदस्य |
| 6. | श्री विश्वजीत गंडोत्रा, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा.-8/11) | सदस्य |
| 7. | श्री जीतेन्द्र जोशी, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेप.-12) | सदस्य |
| 8. | श्री एस.के. भट्ट, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेखा/बजट) | सदस्य |
| 9. | श्री वी.के.पुरोहित, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेप.) | सदस्य |
| 10. | श्री राजू प्रसाद, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रणाली) | सदस्य |
| 11. | श्री महेश कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा.-4/7) | सदस्य |
| 12. | श्री सतीश कुमार त्रिपाठी, लेखा अधिकारी (लेप.-आई.ए.डब्ल्यू) | सदस्य |
| 13. | श्री राजेश कुमार गुप्ता, लेखा अधिकारी (लेप.-पेंशन) | सदस्य |
| 14. | श्री आर. रंगनाथन, परामर्शदाता | सदस्य |
| 15. | श्री कौशल कुमार सिंह, सहायक लेखा अधिकारी (प्रशा.-10) | सदस्य |
| 16. | श्रीमती काकोली दत्ता, वरिष्ठ अनुवादक | सदस्य |
| 17. | श्री रवि कुमार, कनिष्ठ अनुवादक | सदस्य |
| 18. | श्री संदीप बोस, कनिष्ठ अनुवादक | सदस्य |
| 19. | श्रीनिवास शर्मा, सहायक निदेशक (रा.भा.) | सदस्य सचिव |

सदस्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदया का स्वागत करने के उपरांत बैठक की कार्यवाही आरम्भ हुई। बैठक में निम्नलिखित मदों पर विचार-विमर्श किया गया :-

**मद सं.:1** **<u>दिनांक 17 अक्तूबर, 2017 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि:</u>**

समिति को सूचित किया गया कि पिछली बैठक का कार्यवृत्त दिनांक 01 नवम्बर, 2017 के पत्र सं. 55018/5/81/हि.क./रा.भा.का.स./मु.का./28 के अंतर्गत सभी संबंधितों की जानकारी एवं यथा अपेक्षित कार्रवाई हेतु रक्षा लेखा महानियंत्रक की वैबसाइट पर अपलोड कर दिया गया था। किसी भी सदस्य से कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्राप्त न होने पर समिति द्वारा सर्व सम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि कर दी गई।

**मद सं.: 2** **<u>पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर कार्रवाई</u>** :

**<u>हिंदी पुस्तकों की खरीद</u>** :

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि पिछली बैठक अध्यक्ष महोदया ने निर्देश दिया था कि अधिक से अधिक हिंदी पुस्तकों की खरीद की जाए और किसी भी परिस्थिति में कुल पुस्तकों की खरीद से 50% से कम न हो। इसी के अनुपालनार्थ मुख्यालय कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए 84.6% राशि की हिंदी पुस्तकों की खरीद कर ली गई है।

**मद सं : 3** **<u>जून, 2017 तथा सितम्बर, 2017 की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा :</u>**

(1) सदस्य सचिव ने जून, 2017 तथा सितम्बर, 2017 तिमाहियों की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित प्रगति रिपोर्टों के आंकड़ें प्रस्तुत किए तथा सूचित किया कि हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा करने पर पाया गया कि रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक नई दिल्ली, रक्षा लेखा नियंत्रक(वा.से.), नई दिल्ली, रक्षा लेखा नियंत्रक, जबलपुर, रक्षा लेखा नियंत्रक (आई..डी.एस), नई दिल्ली, रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक,(द.क.), पुणे, रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक बेंगलुरू कार्यालयों के हिन्दी पत्राचार में पिछली तिमाही के मुकाबले गिरावट दर्ज की गई है।

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि इस संबंध में संबंधित कार्यालयों को पत्र जारी कर दिए गए हैं।

**(कार्रवाई: सभी संबंधित र.ले.प्र.नि./र.ले.नि कार्यालय)**

(2) **<u>मुख्यालय कार्यालय के हिंदी पत्राचार में वृद्धि</u>** :

समिति का यह भी मानना था कि इस मुख्यालय कार्यालय में भी हिंदी पत्राचार का प्रतिशत और बढ़ाया जाना चाहिए।

इसके अतिरिक्त, अध्यक्ष महोदया ने समिति के सदस्यों को निर्देश दिया कि निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने हेतु अनुभागों से प्राप्त तिमाही रिपोर्ट में हिंदी पत्राचार का प्रतिशत 80 से कम न हो एवं तदुनसार सभी प्रभारी अधिकारी व्यक्तिगत रूप से सुनिश्चत करें कि हिंदी में अधिकाधिक कार्य निष्पादित हो एवं सभी प्रारूप द्विभाषी रूप में जारी हों।

**(कार्रवाई : मुख्यालय कार्यालय के सभी अनुभाग)**

**मद संख्या : 4** **<u>रक्षा लेखा विभाग में हिंदी पदों की स्थिति</u> :**

वर्तमान में विभाग में हिंदी संवर्गीय प्राधिकृत पदों की स्थिति निम्न प्रकार है :

| | **स्वीकृत पद** | **भरे गए पद** | **रिक्त पद** |
|---|---|---|---|
| **सहायक निदेशक(राजभाषा)** | 37 | 13 | 24 |
| **वरिष्ठ अनुवादक** | 35 | 33 | 02 |
| **कनिष्ठ अनुवादक** | 70 | 55 | 15 |

(1) सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि 02 वरिष्ठ अनुवादकों के सहायक निदेशक(रा.भा.)के पद पर पदोन्नति के बाद अब सहायक निदेशक (रा.भा.) के 24 पद रिक्त हैं। इस परिप्रेक्ष्य में प्रशासन अनुभाग ने समिति को सूचित किया कि कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के निर्देशानुसार सातवें वेतन आयोग की अधिसूचना जारी होने के बाद सहायक निदेशक (रा.भा.) के भर्ती नियमों में संशोधन का प्रस्ताव पुनः कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया जा चुका है।

अध्यक्ष महोदया ने प्रशासन अनुभाग को निर्देश दिया कि सहायक निदेशक (राजभाषा) के भर्ती नियमों के संबंध में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग से व्यक्तिगत रूप से संपर्क करके त्वरित कार्रवाई हेतु प्रयास किए जाए।

(2) सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि 02 वरिष्ठ अनुवादकों का सहायक निदेशक (रा.भा.) के पद पर पदोन्नति के उपरांत वरिष्ठ अनुवादकों के 02 पद रिक्त हुए हैं।

अध्यक्ष महोदया ने प्रशासन अनुभाग को निर्देश दिया कि इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई की जाए।

इसी अनुक्रम में रक्षा लेखा वरिष्ठ उप महानियंत्रक (प्रशा.) ने सूचित किया कि रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/रक्षा लेखा नियंत्रक कार्यालयों से अपेक्षित हिंदी संवर्गीय पदों की मांग के संबंध में सूची मांगी गई थी ताकि पदों के सृजन संबंधी कार्रवाई की जा सके। लेकिन अधिकतर कार्यालयों से शून्य रिपोर्ट प्राप्त हुई हैं। अतः यदि एक सप्ताह के भीतर हिंदी संवर्गीय पदों की मांग के संबंध में और रिपोर्ट प्राप्त नहीं होती है तो प्राप्त रिपोर्टों के आधार पर ही कार्रवाई की जाएंगी।

अध्यक्ष महोदया ने निर्देश दिया कि कनिष्ठ अनुवादकों के रिक्त पदों को भरने के संबंध में मुख्यालय कार्यालय एवं संबंधित प्रधान नियंत्रक/नियंत्रक कार्यालयों द्वारा अध्यक्ष, कर्मचारी आयोग एवं संबंधित क्षेत्रीय कर्मचारी चयन आयोग के साथ पत्राचार किया जाए। इस संबंध में रक्षा लेखा वरिष्ठ उप महानियंत्रक (प्रशा.) ने सूचित किया कि कनिष्ठ अनुवादकों के रिक्त पदों को भरने के संबंध में कर्मचारी चयन आयोग से संपर्क किया जाएगा।

**(कार्रवाई : प्रशासन अनुभाग(स्थानीय))**

(3) सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि पिछली बैठक में लिए गए निर्णयानुसार मुख्यालय कार्यालय में वरिष्ठ अनुवादक के रिक्त एक पद भर दिया गया है। हालांकि अनुवादक ने मुख्यालय कार्यालय में अभी तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया है।

इस संबंध में अध्यक्ष महोदया ने आदेश दिया कि इस संबंध में पुनः अनुस्मारक जारी किया जाए।

**(कार्रवाई : प्रशा-2/प्रशा-8/हिंदी कक्ष(स्थानीय))**

**मद संख्या : 5 संसदीय राजभाषा समिति द्वारा दिनांक 10.01.2018 को रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय का निरीक्षण**

सदस्य सचिव ने समिति को बताया कि संसदीय राजभाषा समिति द्वारा दिनांक 10.01.2018 को रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय का निरीक्षण का निरीक्षण किया जाएगा। इस संबंध में कार्यालय के सभी स्थानीय अनुभागों को आवश्यक निर्देश देते हुए परिपत्र जारी कर दिए गया है।

रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक ने समिति के सभी सदस्यों को कहा कि संसदीय राजभाषा समिति द्वारा दिनाकं 10.01.2018 किए जाने वाले राजभाषा संबंधी निरीक्षण को अत्यंत गंभीरता से लिया जाए।

अध्यक्ष महोदया ने सहमति जताते हुए निर्देश दिया कि सभी अनुभागों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि रिपोर्ट/रिटर्न, कार्यालय आदेश भाग-।।, सरकारी स्वीकृतियों/आदेशों के अग्रेषण पत्र एवं अवकाश संबंधी समस्त कार्य तथा नेमी प्रकृति का पत्राचार अनिवार्य रूप से हिंदी अथवा द्विभाषी रूप में जारी किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त रजिस्टरों और सेवा पुस्तिकाओं में भी हिंदी में प्रविष्टियां की जाएं।

रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक ने अनुरोध किया कि चूंकि रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय को संयोजक कार्यालय बनाया गया है, अतः निरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए। प्रशासन अनुभाग का योगदान विशेष रूप से अपेक्षित है। निरीक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए इसके हर पहलू पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए।

**(मुख्यालय सभी स्थानीय अनुभाग)**

**मद संख्या : 6 संसदीय राजभाषा समिति द्वारा निरीक्षण :**

संसदीय राजभाषा समिति द्वारा इस वर्ष निम्नलिखित कार्यालयों का निरीक्षण उनके समक्ष दर्शाई गई तारीखों को किया गया :

| क्र.सं. | कार्यालय का नाम | निरीक्षण की तारीख | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1. | लेखा कार्यालय (नौ सेना), गोवा | 31.12.2016 | संबंधित कार्यालय से प्राप्त अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा के उपरांत सचिवालय भेजने हेतु मंत्रालय को प्रेषित कर दी गई है। |
| 2. | रक्षा पेंशन संवितरण कार्यालय, श्रीनगर | 11.05.2017 | निरीक्षण के दोरान उक्त कार्यालयों के कार्यालय प्रमुखों द्वारा दिए गए आश्वासनों की सूची प्राप्त हो गई हैं। संबंधित कार्यालयों से अनुवर्ती कार्रवाई सूचना प्राप्त हो गई थी। लेकिन उनकी समीक्षा के उपरांत अनुवर्ती कार्रवाई हेतु पुनः संबंधित कार्यालय को भेज दिया गया है। उनसे अनुवर्ती कार्रवाई की सूचना प्राप्त होने पर इसे समीक्षा के उपरांत समिति सचिवालय को भेजने हेतु मंत्रालय को भेज दिया जाएगा। |
| 3. | रक्षा लेखा नियंत्रक (निधि), मेरठ | 07.07.2017 | संबंधित कार्यालय से प्राप्त अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा के उपरांत सचिवालय भेजने हेतु मंत्रालय को प्रेषित कर दी गई है। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (अफसर), पुणे | 11.09.2017 | संबंधित कार्यालय से प्राप्त अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा के उपरांत सचिवालय भेजने हेतु मंत्रालय को प्रेषित कर दी गई है। |
| 5. | स्थानीय लेखापरीक्षा कार्यालय(सेना), उदयपुर | 13.09.2017 | संसदीय राजभाषा समिति द्वारा उक्त कार्यालयों के निरीक्षण के दौरान कार्यालय प्रमुख द्वारा समिति को दिए गए आश्वासनों की सूची अभी प्रतीक्षित है। सूची प्राप्त होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। |
| 6. | स्थानीय लेखापरीक्षा कार्यालय (वा.से.), रजोकरी, नई दिल्ली | 15.09.2017 | संसदीय राजभाषा समिति द्वारा उक्त कार्यालयों के निरीक्षण के दौरान कार्यालय प्रमुख द्वारा समिति को दिए गए आश्वासनों की सूची अभी प्रतीक्षित है। सूची प्राप्त होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। |
| 7. | रक्षा लेखा नियंत्रक, गुवाहाटी | 24.10.2017 | निरीक्षण के दौरान उक्त कार्यालयों के कार्यालय प्रमुखों द्वारा दिए गए आश्वासनों की सूची प्राप्त हो गई हैं। आश्वासनों की सूची संबंधित कार्यालय को भेज दिया गया है। उनसे अनुवर्ती कार्रवाई की सूचना प्राप्त होने पर इसे समीक्षा के उपरांत समिति सचिवालय को भेजने हेतु मंत्रालय को भेज दिया जाएगा। |

अध्यक्ष महोदया ने निर्देश दिया कि संसदीय राजभाषा समिति द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान कार्यालय प्रमुखों द्वारा दिए गए आश्वासनों पर अनुवर्ती कार्रवाई को गंभीरता से लिया जाए।

**(कार्रवाई: सभी र.ले.प्र.नि./र.ले.नि कार्यालय एवं हिंदी कक्ष)**

**मद संख्या : 7 अध्यक्ष महोदया के अनुमति से अन्य विषय :**

अध्यक्ष महोदया ने निर्देश दिया कि 'दैनिक उपयोग में आने वाली संक्षिप्त टिप्पणियां' से संबंधित कैलेण्डर को वैबसाइट पर भी अपलोड किया जाए ताकि विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी इससे लाभांवित हो सके।

**(कार्रवाई: सू.एवं प्रौ प्रणाली कक्ष (स्थानीय) एवं हिंदी कक्ष)**

अंत में अध्यक्ष महोदया को धन्यवाद देने के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न हुई।

**(श्रीनिवास शर्मा)**
**सहायक निदेशक (राजभाषा) सह सदस्य सचिव**